सेन्टमोन्टफोर्ट विद्यालय में रक्षाबंधन –उत्सव

मानो सावन बदरी री अमृत बरसा रही है,
मन में उल्लास ओर उमंग को जगा रही है।
रोली, रक्षा, अक्षत का ये रक्षाबंधन ,
खुशियों का हार्दिक–संगम हो ।
भाई–बहन के प्यार का ये बंधन,
आजीवन हमारे –संग हो।

7 अगस्त 2017 को पूरे भारत में रक्षाबंधन का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इसी श्रृंखला के तहत विद्यालय में रक्षाबंधन – उत्सव प्रार्थना सभा में 8 अगस्त 2017 को मनाया गया। कक्षा पांचवीं 'बी' के छात्रों ने पारंपरिक वेशभूषा में राखी का महत्व को प्रस्तुत करने वाले नृत्य के साथ भाई –बहन के इस त्यौहार को मनाये जाने का कारण बताया व मनमोहक प्रस्तूति दी।

विद्यालय के प्राचार्य ब्रदर एलेक्स ने इस अवसर पर स्कूल स्टाफ व छात्रों को शुभकामनाएँ दी। व कहा कि भाई –बहन के रक्षा –सूत्र को मजबूत बनाने वाला यह त्योहार जीवन में एक उमंग और सकारात्मक–भाव उत्पन्न करने में सहायता करेगा ।

प्राचार्य